ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## हिंदी विश्वविद्यालय में विदर्भ स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन
## 60 से अधिक प्रतिभागियों को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र

**वर्धा, 07 सितंबर 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के नागार्जुन अतिथि गृह में ट्रेडिशनल शीतोरियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय विदर्भ स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार, 06 सितंबर को उत्साहपूर्ण वातावरण में







समापन हुआ। शिविर में विदर्भ क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर कराटे की विभिन्न तकनीकों एवं कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, ट्रेडिशनल शीतोरियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन के कार्याध्यक्ष सिंहान शेख दत्तू तथा अध्यक्ष सिंहान कृष्णा ढोबाडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कराटे को आत्मरक्षा, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम बताया तथा युवाओं से नियमित प्रशिक्षण एवं अभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को कराटे की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण देने वाले कोचों में गणेश लांजेवर, ब्रह्मपुरी, संतोष कडप्पेवाला, चंद्रपुर, सुधीर रिंकी, बुटीबोरी, नागपुर, नरेश मुरस्सर, वणी, जिला यवतमाल, राजेश लारोकर, नागपुर, गोपी कोटेदार, हिंगणघाट, हिमांशु बड़वाई, पुलगांव, कृष्णा ढोबाडे, वर्धा तथा मिलिंद मानकर, वर्धा शामिल थे।

समापन समारोह में कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, बी. एस. मिरगे एवं सिंहान शेख दत्तू के हाथों सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण शिविर को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन शिविर के मुख्य आयोजक एवं ट्रेडिशनल शीतोरियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन पराग पाटील ने किया। उन्होंने शिविर की सफलता के लिए सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। शिविर की सफलता के लिए करण शेर और प्रवीण झाडे ने सहयोग दिया।

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

**हिंदी विद्यापीठात विदर्भस्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिबिराचा समारोप**

**६० हून अधिक प्रशिक्षणार्थींना प्रमाणपत्रांचे वितरण**

**वर्धा, ०७ सप्टेंबर २०२६ :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या नागार्जुन अतिथि गृहात ट्रेडिशनल शीतोरियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन द्वारे आयोजित दोन दिवसीय विदर्भ स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिबिराचा रविवार, ०६ सप्टेंबर रोजी उत्साहपूर्ण वातावरणात समारोप झाला. या शिबिरात विदर्भातील विविध जिल्ह्यांमधून आलेल्या ६० हून अधिक प्रशिक्षणार्थींनी सहभाग नोंदवून कराटेच्या विविध तंत्रांचे व कौशल्यांचे प्रशिक्षण घेतले.

समारोप समारंभाला विश्वविद्यालयाचे कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, ट्रेडिशनल शीतोरियो कराटे ऑर्गनायझेशनचे कार्याध्यक्ष सिंहान शेख दत्तू तसेच अध्यक्ष सिंहान कृष्णा ढोबाडे प्रमुख अतिथी म्हणून उपस्थित होते. यावेळी अतिथींनी प्रशिक्षणार्थींना मार्गदर्शन करताना कराटे हे आत्मसंरक्षण, शिस्त आणि व्यक्तिमत्त्व विकासाचे प्रभावी माध्यम असल्याचे सांगितले. तसेच युवकांनी नियमित प्रशिक्षण व सरावाच्या माध्यमातून शारीरिक आणि मानसिकदृष्ट्या सक्षम होण्याचे आवाहन केले.

दोन दिवसीय प्रशिक्षण शिबिरात अनुभवी प्रशिक्षकांकडून प्रशिक्षणार्थींना कराटेच्या विविध तंत्रांचे प्रशिक्षण देण्यात आले. प्रशिक्षण देणाऱ्या प्रशिक्षकांमध्ये गणेश लांजेवर, ब्रह्मपुरी, संतोष कडप्पेवाला, चंद्रपूर, सुधीर रिंकी, बुटीबोरी, नागपूर, नरेश मुरस्सर, वणी, जिल्हा यवतमाळ, राजेश लारोकर, नागपूर, गोपी कोटेदार, हिंगणघाट, हिमांशु बडवाई, पुलगाव, कृष्णा ढोबाडे, वर्धा तसेच मिलिंद मानकर, वर्धा यांचा समावेश होता.

समारोप समारंभात कुलसचिव क़ादर ऩवाज ख़ान, बी. एस. मिरगे आणि सिंहान शेख दत्तू यांच्या हस्ते सर्व प्रशिक्षणार्थींना प्रमाणपत्रांचे वितरण करण्यात आले. प्रशिक्षणार्थींनी हे प्रशिक्षण शिबिर ज्ञानवर्धक आणि प्रेरणादायी असल्याचे सांगत भविष्यातही अशा प्रकारच्या उपक्रमांचे आयोजन करण्याची गरज व्यक्त केली.

कार्यक्रमाचे संचालन शिबिराचे मुख्य आयोजक तथा ट्रेडिशनल शीतोरियो कराटे ऑर्गनायझेशनचे चेअरमन पराग पाटील यांनी केले. त्यांनी सर्व अतिथी, प्रशिक्षक आणि प्रशिक्षणार्थींचे आभार मानले. शिबिराच्या यशस्वितेसाठी करण शेर आणि प्रवीण झाडे यांनी सहकार्य केले.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305